

# लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 का क्रियान्वयन आज से

**मुख्यमंत्री श्री चौहान स्थापना उत्सव में योजना की पहली किश्त का करेंगे वितरण, लाड़ली लक्ष्मी पथ और लाड़ली लक्ष्मी वाटिका का लोकार्पण भी होगा**

**भोपाल ■ जसं**

श्री शिवराज सिंह चौहान मध्यप्रदेश स्थापना उत्सव में 2 नवम्बर को लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 का क्रियान्वयन शुरू करेंगे। रविन्द्र भवन में अपरान्ह 3 बजे होने वाले लाड़ली लक्ष्मी समारोह में 1437 लाड़ली बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए पहली किश्त 12 हजार 500 रूपये की प्रोत्साहन राशि का वितरण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 में लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए दो किश्तों में 25 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान किया गया है। इसी दिन मुख्यमंत्री श्री चौहान लाड़ली लक्ष्मी पथ और लाड़ली लक्ष्मी वाटिका का लोकार्पण भी करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा है कि प्रदेश में बेटी को बोझ नहीं वरदान बनाने की मंशा के साथ वर्ष 2007 में लाड़ली लक्ष्मी योजना में शुरू की गई। आज से 15 साल पहले शुरू हुई इस अनूठी पहल ने पूरे देश में बेटियों के प्रति एक नई सोच विकसित की। अनेक राज्यों ने म.प्र. की इस योजना को अपनाया। योजना की शुरूआत हुए आज 15 साल से अधिक वर्ष हो गये हैं।

शुरूआती दौर में हमारी जो बेटियाँ लाड़ली लक्ष्मी बनी थी, उनकी 12वीं तक की शिक्षा का प्रावधान योजना के प्रथम चरण में रखा गया था। आज वे 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर उच्च शिक्षा प्राप्त करने की ओर अग्रसर हैं। इन बेटियों के उज्ज्वल भविष्य और आत्म-निर्भरता के लिये ही लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 शुरू की गई है।

### लाड़ली लक्ष्मी वाटिका और लाड़ली लक्ष्मी पथ

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस आयोजन श्रंखला में 2 नवबंर को पूरे प्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी वाटिका और लाड़ली लक्ष्मी पथ का लाकार्पण में होगा। भोपाल में हो रहे राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान सुबह 10.30 बजे स्मार्ट सिटी पार्क में लाड़ली लक्ष्मी वाटिका का लोकार्पण करेंगे। प्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी वाटिका को थीम बेस्ड वाटिका के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस वाटिका का उपयोग लाड़ली बालिकाओं के जन्मोत्सव अथवा उनसे संबंधित अन्य कार्यक्रमों में भी किया जा सकेगा।

वाटिका में लाड़ली लक्ष्मी वाटिका अंकित करते हुए पट्टिका के साथ लाड़ली लक्ष्मी का लोगो भी लगाया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए हैं कि जिले के ऐसे एक मार्ग का नाम लाड़ली लक्ष्मी पथ के रूप में रखा जाये, जिस पथ का पूर्व में अन्य किसी और नाम से नामकरण न हुआ हो। ऐसे पथ के दोनों और पर्याप्त संख्या में साईनेज लगाए जाएँ, जिनमें लाड़ली लक्ष्मी पथ का लोगो भी अंकित हो।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पुण्य-तिथि पर संत कंवरराम को किया नमन


**भोपाल (जसं)।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने संत कंवरराम की पुण्य-तिथि पर उन्हें नमन किया। निवास कार्यालय स्थित सभागार में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। संत कंवरराम जी का जन्म 13 अप्रैल 1885 को अविभाजित भारत के सिंध प्रांत में सक्खर जिले के जरवाल गाँव में हुआ था। संत जी ने सिंध क्षेत्र में प्रचलित परम्परागत भगति कार्यक्रम से गाँव-गाँव में प्रभु भक्ति के साथ नैतिक और मानवीय मूल्यों तथा साम्प्रदायिक सद्भाव का प्रचार किया।

# भगवान बिरसा मुंडा की जयंती से प्रदेश में लागू होगा पेसा एक्ट मुख्यमंत्री श्री चौहान

**प्रधानमंत्री श्री मोदी ने शहीदों के पूजन की परम्परा को पुनः आरंभ किया**
**मुख्यमंत्री मानगढ़ धाम की गौरव गाथा कार्यक्रम में हुए शामिल**
**प्रधानमंत्री श्री मोदी के मुख्य आतिथ्य में बांसवाड़ा राजस्थान के मानगढ़ हिल में हुआ कार्यक्रम**

**भोपाल ■ जसं**

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। मध्यप्रदेश में इस अवसर पर जनजातीय भाई-बहनों के कल्याण के लिए पेसा एक्ट लागू करने जा रहा है। जनजातीय भाई-बहन स्वाभिमान के साथ जिएँ, इसके लिए अनेक विकास गतिविधियाँ और कल्याणकारी योजनाएँ चलाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मानगढ़ के जनजातीय नायकों के सम्मान और उनकी पहचान को जन-जन तक पहुँचाने के लिए प्रभावी कार्य किया है। नायकों के बलिदान स्थल पर स्मारक बनाने का निर्णय, शहीदों के प्रति वास्तविक श्रद्धांजलि है। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा शहीदों



के पूजन की परम्परा को पुनः आरंभ किया गया है। मध्यप्रदेश की धरती पर भी भीमा नायक, टंट्या मामा, रघुनाथ शाह-शंकर शाह जैसे जनजातीय नायकों की स्मृति में स्मारक बनाने का कार्य किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान राजस्थान के बांसवाड़ा स्थित मानगढ़ हिल पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित मानगढ़ धाम की गौरव गाथा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक गेहलोत, गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल तथा केन्द्रीय मंत्रीगण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के कई शहीद ऐसे थे, जिनका बलिदान सामने नहीं आ पाया। मानगढ़ में गोविंद गुरू ने अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए अंग्रेजों की चुनौती को स्वीकार किया और 1500 से अधिक वीरों ने बलिदान दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी का बलिदान स्थल पर स्मारक बनाने का निर्णय अभिनंदनीय है। मध्यप्रदेश से भी बड़ी संख्या में जनजातीय भाई-बहन मानगढ़ धाम को प्रणाम करने आए हैं। यह लोग मानगढ़ धाम की माटी से अपने भाल पर तिलक करें और इस बलिदानी माटी को अपने गाँव भी ले जाएँ। मानगढ़ धाम बलिदान की धरती है। देश पर अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले सदैव स्मरण किए जाएंगे और पूजे जाएंगे।

# प्रदेश के विकास में सहभागिता के लिए सभी जुटें : मुख्यमंत्री श्री चौहान

**भोपाल ■ जसं**



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकास के विभिन्न क्षेत्र में उपलब्धियाँ अर्जित करते हुए मध्यप्रदेश बदल रहा है। इसमें जन सहयोग बहुत आवश्यक है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जन-सहभागिता का महत्व बताते हुए 6 प्रमुख क्षेत्रों में प्रदेशवासियों से सहयोग भी मांगा। भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेशवासियों से पौध-रोपण, पर्यावरण-संरक्षण, नशामुक्ति, बिजली बचाने, जल संरक्षण और बेटियों के सम्मान के लिये विशेष सहयोग की अपील की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि 28 नवंबर से सबको भू-खण्ड देने का अभियान चलाया जाएगा। जिनके पास अपने भू-खण्ड नहीं है। विभाजन के समय आए लोगों और अन्य ऐसे व्यक्तियों जिनके अपने भू-खण्ड नहीं हैं, उन्हें जमीन का टुकडा देने के साथ इस महाअभियान में प्रधानमंत्री आवास और मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान से बड़ी संख्या में पात्र लोगों को जोड़ कर योजनाओं का लाभ देने के लिए चिन्हित किया गया है। अभियान में पात्र व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इंदौर को निरंतर छठवीं बार देश भर में स्वच्छता क्षेत्र में नम्बर एक पर आने, भोपाल को स्वच्छतम राजधानी का खिताब मिलने और ओवर ऑल रैंकिंग में मध्यप्रदेश के देश में नम्बर एक पर आने पर बधाई और शुभकामनाएँ दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश बदल रहा है, आगे बढ़ रहा है। एक जमाना था जब मध्यप्रदेश डाकुओं के लिए जाना जाता था। डाकुओं पर फिल्में बनती थी। हमने सकंल्प लिया था कि मध्यप्रदेश को शांति का टापू बनाएंगे। प्रदेश में डाकू रहेंगे या हमारी सरकार रहेगी। दोनों साथ नहीं रह सकते। पुलिस ने कमाल का कार्य किया है। मध्यप्रदेश में आतंक का साया था। सिमी के नेटवर्क को ध्वस्त किया गया। एक जमाना था जब नक्सली हावी हो गए थे। उस नेटवर्क को भी हमने ध्वस्त किया। मध्यप्रदेश की पहचान बिना सड़कों वाले राज्य की थी। आज तीन लाख किलोमीटर शानदार सड़कें बन गई हैं। मध्यप्रदेश पहले लालटेन का प्रदेश कहा जाता था। अब 24 घंटे बिजली देने वाला प्रदेश है। मध्यप्रदेश के खेत सूखे और कंठ प्यासे थे। साढ़े सात लाख हेक्टर में सिंचाई क्षमता थी जिसे बढ़ा कर 45 लाख हेक्टर कर लिया गया है। वर्ष 2026 तक सिंचाई क्षमता 65 लाख हेक्टेयर हो जाएगी। मध्यप्रदेश कुआँ और बावड़ी का पानी पीता था। अब 54 लाख घरों में सीधे नल कनेक्शन दिए गए हैं। सवा करोड़ घरों तक नल से जल पहुँचाने का अभियान चलाया जा रहा है। नई क्रांति की शुरूआत मध्यप्रदेश में की गई है। जब तक बालिकाओं की संख्या बालकों के समान नहीं हो जाएगी, चैन से नहीं बैठना है। प्रदेश में पहले एक हजार बालकों पर 912 बालिकाएँ जन्म लेती थी। अब यह संख्या 976 हो गई है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश की ग्रोथ 19.74 प्रतिशत है, जो देश में सर्वाधिक है। प्रति व्यक्ति आय 13 हजार से बढ़ कर एक लाख 37 हजार हो गई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि निवेश आए इसके लिए ग्लोबल इन्वेस्टर समिट ही नहीं, प्रवासी भारतीय सम्मेलन भी होगा। लगभग 100 देशों के प्रतिनिधि उपस्थित होंगे। मध्यप्रदेश के इंदौर में बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय शामिल होंगे। खेलो इंडिया गेम्स भी मध्यप्रदेश में होंगे। शासकीय पदों पर बड़ी संख्या में नई भर्तियाँ की जाएंगी। रोजगार दिवस पर 2 लाख स्व-रोजगार के अवसर उपलबध कराए जाएंगे। आगामी 28 नवम्बर से नागरिकों को रहने के लिए जमीन का टुकड़ा देने का अभियान शुरू हो जाएगा। बालिकाओं की उच्च शिक्षा की फीस राज्य सरकार भरवाएगी। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। प्रदेश का कोई बच्चा अनाथ नहीं रहेगा। मख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना में निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। मुख्यमंत्री खेत सड़क योजना में खेतों तक सड़क ले जाने का कार्य करेंगे। नशा विनाश की जड़ है। नशा नहीं करें। गाँव को नशा मुक्त करें और स्वयं भी नशे से दूर रहे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेशवासियों को नशा न करने का संकल्प भी दिलाया। नशा न रहे संकल्प लेने का संकल्प दिलाया। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में %मध्यप्रदेश उत्सव% का दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ भारती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शुभारंभ किया।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेशवासियों को स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएँ दी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बेटियों पर गलत नजर रखने और सम्मान को आँच पहुँचाने वालों को फाँसी के फंदे पर लटकाया जाएगा। बेटियों को बचाएंगे, बेटियों का सम्मान करेंगे। उन्होंने कहा कि सफाई में मध्यप्रदेश को नम्बर एक बनाने के लिए कार्य करें, नागरिक कर्त्तव्यों का पालन करें तो देश में मध्यप्रदेश सबसे अच्छा राज्य रहेगा। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश को नम्बर एक बनाने का संकलप भी दिलाया।

### आज से मध्यप्रदेश गान पर सभी नागरिक खड़े होकर सम्मान दे

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मध्यप्रदेश स्थापना दिवस से मध्यप्रदेश के गान के समय सभी नागरिकों से खड़े को कर सम्मान देने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा की पहले मध्यप्रदेश गान के समय खड़े होकर सम्मान देने की परम्परा नहीं थी। आज से यह परम्परा प्रारंभ कर रहे हैं।

### प्रदेश के अन्य स्थानों पर होंगी प्रस्तुतियाँ

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज स्थापना दिवस समारोह में प्रस्तुत मैत्रेयी जी के दल की प्रस्तुतियाँ अद्भुत एवं अलौकिक हैं। प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी यह प्रस्तुति करवाई जाएंगी।

मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस पर मुख्य कार्यक्रम में लाल परेड ग्राउंड, भोपाल में आज मुख्यमंत्री श्री चौहान सहित जन-प्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। सुप्रसिद्ध तीन संगीतकारों शंकर, एहसान और लॉय समूह द्वारा बैंड प्रस्तुति और जानीमानी कोरियोग्राफर सुश्री मैत्रेयी पहाड़ी का साथी कलाकारों के साथ नृत्य नाटिका ञ्शिव महात्म्यञ्ज् का लाइव कार्यक्रम देखने का अवसर राजधानी के नागरिकों को मिला। सभी प्रदेशवासियों ने विभिन्न संचार माध्यमों से कार्यक्रम को देखा।

इन प्रस्तुतियों के लिए संस्कृति विभाग द्वारा समन्वय किया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आमंत्रित कलाकारों का स्वागत करते हुए प्रदेश की जनता की ओर से उनका अभिनन्दन किया। संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने कहा कि आज का दिन सपनों, संकल्पों और अपनी निष्ठाओं के सर्वस्व समर्पण का दिन है। हम सब सौभाग्यशाली है कि प्रदेश को मुख्यमंत्री श्री चौहान का सरल, सहज और सक्रिय नेतृत्व मिला है। मुख्यमंत्री श्री चौहान के मार्गदर्शन में देश का हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश विभिन्न विधाओं में देश के राज्यों में अग्रिम पंक्ति पर है। सभी को मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ यह संकल्प लेना चाहिए कि हम प्रदेश को विकास के क्षेत्र में देश और दुनिया की सबसे अग्रिम पंक्ति में ले जाएंगे। मंत्री सुश्री ठाकुर ने कवि श्री कृष्ण सरल की पंक्तियाँ सुना कर युवा शक्ति का आहवान किया।

**28 नवंबर से चलेगा सबको भू-खण्ड देने का अभियान**
**प्रवासी भारतीय दिवस में आयेंगे 100 देशों के प्रतिनिधि**
**मुख्यमंत्री खेत सड़क योजना को फिर देंगे गति**
**नागरिकों ने दोनों हाथ उठाकर दिया सहयोग का आश्वासन**
**अद्भुत और आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का नागरिकों ने लिया आनंद**
**लाल परेड ग्राउंड में शिवमय हुआ म.प्र. स्थापना दिवस का राज्य स्तरीय समारोह**
**पूरे राज्य में सात दिन तक होंगी गतिविधियाँ**

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया



**भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज लाल परेड ग्राउंड पर मध्य प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद श्री विष्णु दत्त शर्मा,सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर,जिले के विधायक गण, भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय, संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग और अन्य अतिथि उपस्थित थे। इस महत्वपूर्ण मौके पर मुख्यमंत्री चौहान ने प्रदेश की जनता से छह क्षेत्रों में विशेष सहयोग मांगा। इनमें पौधरोपण,पर्यावरण बचाने, नशा मुक्ति, बिजली की बचत, जल संरक्षण, बेटियों का सम्मान सुरक्षित करने और स्वच्छता अभियान में सहयोग शामिल है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विभिन्न क्षेत्रों में मध्य प्रदेश में हुई प्रगति का उल्लेख किया। समारोह में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस,पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# भारत जोड़ो यात्रा : रोहित वेमुला की मां राधिका ने कहा- यात्रा को लेकर एकजुटता दिखाई दे रही

**तेलंगाना ■ एजेंसी**

जैसे ही राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा के 55वें दिन मंगलवार को हैदराबाद में प्रवेश किया, मार्च में शामिल होने वालों में हैदराबाद विश्वविद्यालय के दलित छात्र रोहित वेमुला की मां भी शामिल हो गईं। हैदराबाद परिसर का दौरा करने वाले राहुल ने यात्रा में उनके साथ एक तस्वीर ट्वीट की और कहा कि रोहित वेमुला, सामाजिक भेदभाव और अन्याय के विरुद्ध मेरे संघर्ष का प्रतीक है, और रहेगा। रोहित की माताजी से मिल कर, यात्रा के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे कदमों को नया साहस, और मन को नई शक्ति मिली।



अपने तेलंगाना चरण के लिए अभी भी छह दिन शेष हैं, राज्य में यात्रा के लिए भीड़ जहां कांग्रेस को शक्तिशाली तेलंगाना राष्ट्र समिति (अब भारत राष्ट्र समिति का नाम दिया गया है) ने पार्टी के लिए प्रोत्साहित किया है। हालाँकि, अधिकांश भागीदारी विभिन्न नागरिक समाज संगठनों, स्वयंसेवकों, गैर सरकारी संगठनों और श्रमिक संघों द्वारा प्रदान किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर कई सिविल सोसाइटी पार्टिसिपेशन इन भारत जोड़ो यात्रा समूह सामने आए हैं जहां नागरिक समाज संगठन और गैर सरकारी संगठन समन्वय करते हैं। तेलंगाना में राहुल के सातवें दिन, शमशाबाद से शुरू होते ही एक समान भीड़ ने राहुल का अभिवादन किया, जिसमें कई कार्यकर्ता शामिल हुए और अंतराल पर उनके साथ चल रहे थे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो यात्रा अभी तेलंगाना में हैं। इस यात्रा में मंगलवार को हैदराबाद विश्वविद्यालय के दिवंगत दलित छात्र रोहित वेमुला की मां भी शामिल हुईं। रोहित की मां राधिका वेमुला पदयात्रा में सुबह के वक्त जुड़ी थीं। मुला की मां राधिका के शामिल होने के बाद, राहुल ने ट्वीट किया- रोहित की मां से मिलने के बाद, मुझे इस यात्रा के लक्ष्य की ओर जाने का नया साहस और मन की नई ताकत मिली।

# मृगनयनी ब्राण्ड ने देश में अलग पहचान बनाई है : मंत्री श्री सिंह

**भोपाल ■ जसं**

**खनिज साधन एवं श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को पुरानी कचहरी तिराहा पन्ना स्थित महिला-बाल विकास भवन में संत रविदास म.प्र. हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम के नवनिर्मित शोरूम का शुभारंभ किया। उन्होंने शोरूम का अवलोकन कर बुनकरों द्वारा निर्मित उत्पादों के बारे में जानकारी ली। खनिज साधन मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश के स्थापना दिवस पर पन्ना शहर में मृगनयनी शोरूम की सौगात नगरवासियों को मिली है।**



इससे स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पादों का विक्रय होगा और उनकी आमदनी भी बढ़ेगी। मृगनयनी ब्राण्ड ने देश में अपनी अलग पहचान स्थापित की है। उन्होंने कहा कि खजुराहो और भोपाल जैसे शहरों के बाद अलग ब्राण्ड का शोरूम होने से यह पन्ना में भी अलग पहचान स्थापित करेगा। नगरवासियों के साथ पर्यटकों को भी गुणवत्तायुक्त उत्पाद क्रय करने की सुविधा मिल जाएगी। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। वर्तमान में छोटे स्वरूप में इसकी शुरूआत की गई है। आगामी दिनों में वृहद स्वरूप में इसका विस्तार किया जाएगा।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि शोरूम को बेहतर रूप से संचालित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पन्ना की पहचान धार्मिक नगरी के रूप में है। इसे स्वच्छ और सुसज्जित बनाने के साथ ही विकास के आयामों से जोड़ने का निरंतर प्रयास किया जाएगा। डायमण्ड पार्क की स्थापना सहित एनएमडीसी खदान को पुनः शुरू कराने का प्रयास किया जा रहा है।